प्रदूषित पनीर पड़ा भारी, पिता समेत दो बच्चों की बिगड़ी तबीयत

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 25 मई। शहर में महल रोड स्थित स्मार्ट बाजार से खरीदा गया पनीर एक परिवार के लिए मुसीबत बन गया। कथित तौर पर

शिवपुरी में फूड पॉइजनिंग का मामला, कलेक्टर से शिकायत कर जांच की मांग

खराब पनीर खाने से पिता और उसके दो बच्चे फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद तीनों को अस्पताल ले जाना पड़ा। मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने कलेक्टर कार्यालय, खाद्य विभाग और कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।

पुरानी शिवपुरी निवासी

आशिफ खान ने बताया कि उन्होंने 21 मई को स्मार्ट बाजार से पनीर का पैकेट खरीदा था। घर पर उसी पनीर की सब्जी बनाई गई। खाना खाने के कुछ ही देर बाद आशिफ खान और उनके दोनों बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। तीनों को तेज उल्टी-दस्त शुरू हो गए, जिसके बाद परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के बाद तीनों की हालत में सुधार बताया जा रहा है, लेकिन परिवार ने सीधे तौर पर खराब पनीर को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। आशिफ खान का आरोप है कि बाजार में खराब खाद्य सामग्री बेची जा रही है, जो लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है। सोमवार को पीड़ित परिवार बचा हुआ पनीर, पैकेट और सब्जी लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचा और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। खाद्य विभाग से पनीर और सब्जी के सैंपल की लेबोरेटरी जांच कराने की मांग की गई है। परिवार ने कहा कि यदि जांच में पनीर खराब पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। मामले के सामने आने के बाद खाद्य विभाग ने जांच शुरू करने की बात कही है। घटना के बाद शहर में खाद्य सुरक्षा और बाजारों में बिक रही डेयरी सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

गंगा दशहरा पर निकली जल कलश यात्रा, दिलाया संकल्प

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 25 मई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड शिवपुरी अंतर्गत सेक्टर सतनवाड़ा में गंगा दशहरा के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम सतनवाड़ा खुर्द में जल स्रोत पूजन, भव्य कलश यात्रा एवं शिव मंदिर में जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हेमलता रघुवीर रावत, जिला समन्वयक डॉ. रीना शर्मा, विकासखंड समन्वयक शिशुपाल

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्रोत पूजन एवं शिव मंदिर में जलाभिषेक

सिंह जादौन, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह धाकड़, सरपंच विद्या आदिवासी, सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण शर्मा, पंचायत सचिव नारायण दास जाटव, सह सचिव देवकी वर्मा सहित नवांकुर संस्था मृगनयनी शिक्षा एवं ग्रामोत्थान समिति के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष शिवसिंह धाकड़, सचिव सुखदेव धाकड़, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं महिलाओं द्वारा जल स्रोत पूजन के साथ किया गया। इसके बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं अच्छी वर्षा की कामना की।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष हेमलता रघुवीर रावत ने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई तथा जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। जिला समन्वयक डॉ. रीना शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर सभी प्रस्फुटन ग्रामों में नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से जल स्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति के सदस्य, नवांकुर संस्था मृगनयनी शिक्षा एवं ग्रामोत्थान समिति के प्रतिनिधि, नवांकुर सखियां तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

रीवा हादसे पर शिवपुरी में उबाल, जैन समाज की मौन रैली में फूटा आक्रोश

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 25 मई। रीवा में तेज रफ्तार कार की टक्कर से दो जैन

साध्वियों की मौत पर सख्त कार्रवाई की मांग, आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी सजा की उठी आवाज

साध्वियों की मौत के विरोध में सोमवार को शिवपुरी में जैन समाज का आक्रोश खुलकर सामने आया। सकल जैन समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शहर में मौन रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचते हुए एडीएम दिनेश शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। समाजजनों ने आरोपी चालक राशिद अली शाह के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई और पैदल विहार करने वाले जैन संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

गौरतलब है कि 20 मई को रीवा में सड़क किनारे पैदल विहार कर रही दो जैन साध्वियों को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों आर्यिका माताजी का उसी दिन निधन हो गया था। घटना के बाद देशभर के जैन समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। मौन रैली से पहले शिवपुरी के जैन छतरी मंदिर में विनयांजलि सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए परम पूज्य मुनि श्री गुरुदत्त सागर जी महाराज ने कहा कि जैन संतों की सुरक्षा केवल शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज का भी दायित्व है। उन्होंने संतों की सुरक्षा के लिए विशेष टीम गठित करने पर जोर दिया। सभा में हिंदू संत रविदास जी महाराज और सांगानेर से आए जैन विद्वान पंडित संजीव जैन ललितपुर ने भी दिवंगत साध्वियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए घटना को बेहद दुखद बताया। वहीं तेजमल सांखला, महेंद्र जैन रावत, संजीव जैन बाँझल और महेंद्र जैन भैयन सहित समाज के प्रबुद्धजनों ने भी अपने विचार रखे। इसके बाद समाजजन मौन रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां ज्ञापन का वाचन पंडित संजीव जैन ने किया। प्रदर्शन में सकल जैन समाज महापंचायत, राष्ट्रभक्त सवर्ण समाज संगठन, राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ, विश्व जैन संगठन, पुलक चेतना मंच, सौभाग्य संस्कार संगठन, स्यादवाद युवा क्लब, वात्सल्य समूह, जैन मिलन और महिला जैन मंडलों के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समाज ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

जैन साध्वी घटना पर पोहरी में उबाल

पोहरी। रीवा में जैन साध्वी की सड़क दुर्घटना में हुई दुखद मृत्यु के बाद पूरे देश में जैन समाज में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में सोमवार को पोहरी में सकल दिगंबर जैन समाज ने विरोध

सकल जैन समाज ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

समाज के लोग चंदप्रभु जिनालय जैन मंदिर पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। इसके बाद बड़ी संख्या में समाज के लोग रैली के रूप में एसडीएम

कार्यालय पहुंचे और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि देशभर में भ्रमण करने वाले जैन साधु-संतों को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाएं दोबारा न हों। समाजजनों ने कहा कि रीवा की घटना ने पूरे जैन समाज को झकझोर कर रख दिया है और संत समाज की सुरक्षा को लेकर सरकार को गंभीर कदम उठाने चाहिए। इस दौरान समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल, युवा वर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

गंगा दशहरे पर प्रारंभ हुआ तालाब गहरीकरण का कार्य

नवभारत न्यूज
नरवर, 25 मई। विकासखंड की ग्राम पंचायत साबौली में जनपद पंचायत स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब गहरीकरण का कार्य गंगा दशहरे के शुभ अवसर पर पूजन कर

विधायक प्रतिनिधि रहे उपस्थित

प्रारंभ किया गया। उपायुक्त बृह्मेन्द्र कुमार गुप्ता के अनुसार शासन निर्देशों के पालन में जनपद पंचायत नरवर की समस्त ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नरवर विकासखंड के 25 ग्रामों में गंगा दशहरे की शुभ अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई एवं जल श्रोतों पर पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि नरोत्तम सोलंकी रहे।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मुनेश यादव, उपयंत्री दिनेश कुशवाह, अति. कार्यक्रम अधिकारी अतीक मोहम्मद कुरैशी, जन अभियान परिषद विकासखण्ड समन्वयक महेश परिहार, नवांकुर संस्था साहस युवक मण्डल नरवर के अध्यक्ष राकेश लक्षकार, हाकिम सिंह यादव, धमेन्द्र सोलंकी, मुकेश सोलंकी, उदयभान सोलंकी, दिनेश बाथम एवं नागरिक उपस्थिति रहे।

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने का बड़ा अभियान : आयुक्त

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 25 मई। शिवपुरी के मंगलम परिसर में सोमवार से दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग निर्माण एवं वितरण शिविर का शुभारंभ हुआ। महावीर सेवा सदन कोलकाता के सहयोग से आयोजित इस विशेष शिविर में पहले ही दिन 54 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। 31 मई तक चलने वाले इस शिविर में जिलेभर के करीब 300 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि दिव्यांगजनों के लिए हाथ, पैर और अन्य सहायक

मंगलम में शुरू हुआ कृत्रिम अंग निर्माण शिविर, 7 दिन में 300 दिव्यांगजनों को मिलेंगे सहायक उपकरण

उपकरण मौके पर ही तैयार किए जा रहे हैं। महावीर सेवा सदन की चलित वर्कशॉप और तकनीकी टीम मंगलम परिसर में ही दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग तैयार कर रही है। पंजीयन के साथ ही उपकरणों की फिटिंग और वितरण की व्यवस्था भी की गई है, जिससे हितग्राहियों को तत्काल लाभ मिल रहा है।

शिविर का शुभारंभ दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मंगलम अध्यक्ष डॉ. गोविंद सिंह, सचिव राजेन्द्र मजेजी, कोषाध्यक्ष दीपक गोयल, संचालक एस.के.एस. चौहान, राजेश सिंघल, रंजीत गुप्ता, उप संचालक सामाजिक न्याय नम्रता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया ने कहा कि यह शिविर दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि महावीर सेवा सदन की मोबाइल वर्कशॉप के माध्यम से चिन्हित हितग्राहियों को उसी दिन कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंगलम संस्था के माध्यम से सीएसआर से जुड़ी कई सामाजिक गतिविधियों को भी गति दी जा रही है।

दिव्यांगजनों को वितरित किए जाएंगे ई-मोटराइज्ड व्हीकल

डॉ. खेमरिया ने जानकारी दी कि चालू वित्तीय वर्ष में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से 60 ई-मोटराइज्ड व्हीकल भी दिव्यांगजनों को वितरित किए जाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संवेदनशीलता, सेवा और सज्जन शक्ति की मिसाल हैं। उन्होंने आयोजकों को जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इससे पूर्व मंगलम अध्यक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने संस्था की सामाजिक और सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संजीव भार्गव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष दीपक गोयल द्वारा किया गया।

13 सीएसी और बीएसी पदों से हटे

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 25 मई। जिला शिक्षा केन्द्र शिवपुरी ने बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए जनशिक्षक (सीएसी) और विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक (बीएसी) पदों पर पदस्थ 13 माध्यमिक शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी है। चार वर्ष की अवधि पूर्ण होने के बाद सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से मूल विभाग जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय शिवपुरी के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया है। आदेश जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार द्वारा कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक की स्वीकृति के बाद जारी किए गए।

जानकारी के अनुसार राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशों के तहत वर्ष 2022 में इन शिक्षकों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति आधार पर ली गई थीं। अब निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद जिला शिक्षा केन्द्र ने उन्हें उनके मूल विभाग में वापस भेजने की कार्रवाई की है। इस फैसले के बाद शिक्षा विभाग में प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। सीएसी पद से हटाए गए शिक्षकों में इन्द्रपाल सिंह गौर, जो उच्च माध्यमिक विद्यालय मलावनी पिछोर में जनशिक्षक के रूप में पदस्थ थे, अरविन्द सिंह कुशवाह जनशिक्षक अटलपुर बदरवास, गौरव त्रिपाठी बालक कोलारस जनशिक्षक, प्रदीप कुमार नरवरिया जनशिक्षक खरई कोलारस, उत्तम कुमार सोनी जन शिक्षा केन्द्र कन्या खनियाधाना, सतीश कुमार गुप्ता जन शिक्षा केन्द्र चमरौआ खनियाधाना, रामलखन वर्मा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाजीगढ़ पोहरी, कौशल किशोर योगी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बैराड़ पोहरी, बलबीर सिंह तोमर शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय पोहरी तथा पुरुषोत्तम दास कोली शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करही नरवर शामिल हैं। वहीं बीएसी पद से हटाए गए अधिकारियों में सतेन्द्र जैन, जो जनपद शिक्षा केन्द्र खनियाधाना में पदस्थ थे, राजेश खत्री एवं दिनेश गुप्ता दोनों जनपद शिक्षा केन्द्र शिवपुरी में कार्यरत थे।

उत्तर मध्य रेलवे

No. JHS/W/DO/misc/LC-457 दिनांक: 23.05.2026

सार्वजनिक अधिसूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्वालियर-धौलपुर रेल मार्ग पर धौलपुर-हेतमपुर खंड में स्थित रेलवे फाटक क्र.- 457 रेलवे किमी Km 1278/10-12 पर PQRS कार्य हेतु दिनांक **25.05.2026** से **30.05.2026** तक अस्थायी तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में आने जाने हेतु रेलवे फाटक नं. 456, Km 1277/10-12 अंडर ब्रिज का उपयोग किया जा सकता है।

1182/26 (ADM)

वरिष्ठ मंडल अभियंता/उत्तर
उत्तर मध्य रेल, झाँसी

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

बैटलग्राउंड्स सीजन-2 की रनरअप बनी मुस्कान शेख

शिवपुरी, 25 मई। मुंबई में आयोजित चर्चित रियलिटी शो बैटलग्राउंड्स सीजन-2 में शिवपुरी की बेटी मुस्कान शेख ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। शो में दमदार प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करने वाली मुस्कान के शिवपुरी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। समर्थकों और टीम सदस्यों ने फूल-मालाओं, जयघोष और बधाइयों के साथ अपनी च्गोल्डन गर्लज्ज् का अभिनंदन किया। मुस्कान शेख वरिष्ठ पत्रकार दारा मोहम्मद की सुपुत्री हैं।

पेपर लीक से टूट रहा युवाओं का भरोसा

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 25 मई। सोमवार को युवाओं ने शिक्षा व्यवस्था और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई। सोशल मीडिया पर चर्चित कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थन में आयोजित प्रेस वार्ता में युवाओं ने नीट पेपर लीक को देश के लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बताया और सरकार से जवाब मांगा।

प्रेस वार्ता में बिक्की यादव ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रही गड़बड़ियों से युवाओं का सिस्टम पर भरोसा

कमजोर हो रहा है। नीट पेपर लीक जैसी घटनाएं उन छात्रों के साथ अन्याय हैं, जो वर्षों तक मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करना अब बेहद जरूरी हो गया है। युवाओं ने सरकार को याद दिलाया कि वर्ष 2024 में पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून बनाया गया था, जिसमें दोषियों के लिए 10 साल तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद बार-बार सामने आ रहे मामलों से छात्रों में गहरा आक्रोश है। युवाओं ने मांग की कि नीट पेपर लीक से जुड़े सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। प्रेस वार्ता में मध्यप्रदेश की नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए। युवाओं का कहना था कि भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोग किए जा रहे इस फॉर्मूले को अधिकांश छात्र समझ ही नहीं पाते, जिससे भ्रम और असंतोष बढ़ रहा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा

क्रमांक/ज.वि.वि./2026/102 खण्डवा, दिनांक 21/05/2026

तृतीय ई-निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत व्यवस्था में पंजीकृत ठेकेदारों के लिये निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य की निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि
1	2026_UAD _509579_1	जल परिवहन कार्य हेतु ट्रैक्टर किराये पर लगाये जाने संबंध में।	17.67 लाख	13253/-	2000/-	12 माह

निविदा ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक : - 02/06/2026 (शाम 5:30 बजे तक)

निविदा खोलने की दिनांक :- 04/06/2026 (प्रातः 10:30 बजे तक)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा, उसे पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम खण्डवा